# यूपी डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए बड़ी कंपनियों ने दिखाई रुचि

## मुंबई में एल एंड टी प्रेसिजन इंजीनियरिंग और आइडिया फॉर्ज टेक के अधिकारियों संग यूपीडीआईसी की बैठक

लखनऊ। मुंबई में उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर (यूपी डिफेंस कारीडोर) ने रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में निवेश और तकनीकी सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम पहल की। मुख्य नोडल अधिकारी मेजर जनरल इंदर मोहन लांबा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अग्रणी प्रौद्योगिकी एवं विकास कंपनियों एल एंड डी प्रेसीजन इंजीनियरिंग और आइडिया फॉर्ज टेक्नोलाजी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

एल एंड टी प्रेसिजन इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख तथा एसआईडीएम के अध्यक्ष अरुण टी. रामचंदानी ने उत्तर प्रदेश में स्थापित की जा रही रक्षा परीक्षण अवसंरचना प्रयोगशालाओं यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार तथा सामग्री परीक्षण को उद्योग के लिए बड़ा अवसर बताया।

रामचंदानी ने एयरोस्पेस एवं रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 के अनूठे प्रोत्साहनों और सब्सिडी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नीति निजी निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने एसआईडीएम के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर यूपीडीआईसी को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया और आगामी सम्मेलनों में भागीदारी की सहमति जताई। साथ ही यूएवी परीक्षण प्रयोगशाला के उद्घाटन के बाद एक यूएवी एवं ड्रोन प्रदर्शनी आयोजित करने का सुझाव भी दिया।

बैठक में पीपीपी मॉडल के तहत भविष्य के एयरोस्पेस एवं रक्षा पार्क विकसित करने की राज्य सरकार की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वहीं, आइडिया फॉर्ज टेक के सीएफओ विपुल जोशी के साथ हुई बातचीत भी सकारात्मक रही। कंपनी ने उत्तर प्रदेश को अपनी भविष्य की विस्तार योजनाओं में शामिल करने में रुचि दिखाई। ब्यूरो